तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **सोहन लाल पंवार बनाम** **लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या 164/2024	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13—12—24	अपीलार्थी सोहन लाल पंवार निवासी धींगणा पोस्ट, गुडा विश्नोईयान, तहसील लूणी, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उसके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र दिनांक 21/09/2024 में तहसील कार्यालय कुडी भगतासनी 1 मई 2024 से 10 मई 2024 तक जन्म प्रमाण पत्र हेतु जारी अनुज्ञा आदेशों की प्रमाणित प्रतियां एवं अन्य बिन्दुओ से संबधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो. पक्ष (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर—ग्रामीण	

Signature valid

Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2024.12.13 18:03:18 IST
Reason: Approved